राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल की सीडीएस श्री रावत के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 8 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने तमिलनाडु में हैलीकॉप्टर दुर्घटना में चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ जनरल श्री बिपिन रावत, उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत सहित 11 सैन्य अधिकरियों एवं सुरक्षा कर्मियों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि उनका निधन सेना और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

--